देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– पिथौरागढ़ और कोटद्वार में शीघ्र ही पासपोर्ट कार्यालय खोले जाएंगे।
- पिथौरागढ़ जिले के नैनीसैनी हवाई अड्डे के हस्तांतरण और विस्तार के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।
- ड्रग्स फ्री देवभूमि– 2025 के विजन को साकार करने के लिए देहरादून पुलिस का ड्रग्स फ्री कैम्पस अभियान जारी।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी सुधारने के निर्देश दिए।

<u>पासपोर्ट कार्यालय</u>

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि अल्मोड़ा में बनाए गए पासपार्ट कार्यालय की तर्ज पर पिथौरागढ़ और कोटद्वार में भी पासपोर्ट कार्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ में पासपोर्ट कार्यालय खोलने की स्वीकृति मिल गई थी, लेकिन उस समय जगह उपलब्ध नहीं हो पाई। फिलहाल जिला प्रशासन जगह उपलब्ध करा रहा है। इसीलिए पिथौरागढ़ और कोटद्वार में जल्द ही पासपोर्ट कार्यालय बनाए जाएंगे।

<u>नैनीसैनी हवाई अड्डा</u>

उत्तराखंड सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच समझौता होने के बाद पिथौरागढ़ के नैनीसैनी हवाई अड्डे के हस्तांतरण और विस्तार की कवायद तेज हो गई है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर हस्तांतरण और विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि हवाई अड्डे के हस्तांतरण की कार्यवाही गतिमान है और बुनियादी ढांचे वतकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर विभागों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

<u>पर्वतारोही सम्मान</u>

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से आज देहरादून में चंपावत निवासी पर्वतारोही वीरेंद्र सिंह सामंत ने मुलाकात की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने उन्हें माउंट एवरेस्ट फतह कर देश और उत्तराखंड का नाम गौरवान्वित करने पर शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने वीरेंद्र सिंह सामंत के साहस, धैर्य और उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गौरतलब है कि वीरेंद्र सिंह सामंत ने 18 मई को विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारतीय तिरंगा और एनसीसी का ध्वज फहराकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी।

## शीतकालीन यात्रा

उत्तरकाशी जिले में शीतकालीन यात्रा को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस रावत ने चारधाम के दृष्टिगत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चाक–चौबंद बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए, ताकि तीर्थयात्रियों को सुचारू और सुरक्षित चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। डॉ. रावत ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता का विशेष रूप से जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सालय में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइया व अन्य स्वास्थ्य उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही हर्षिल तक चौबीस घंटे एम्बुलेंस सेवाएं तैनात रखने के निर्देश भी दिए।

## ड्रग्स फ्री देवभूमि

ड्रग्स फ्री देवभूमि– 2025 के विजन को साकार करने के लिए देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर दून पुलिस की ओर से जिले में ड्रग्स फ्री कैम्पस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की ओर से शिक्षण संस्थानों में पढने वाले सभी छात्र–छात्राओं से उनका ड्रग्स टेस्ट कराये जाने के लिए शपथ पत्र भराये गये थे। इसके तहत पुलिस–प्रशासन और डाक्टरों की संयुक्त टीम ने प्रेमनगर और क्लेमेंटाउन क्षेत्र में स्थित अलग–अलग निजी शिक्षण सस्थांनों में बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में से 100–100 छात्र–छात्राओं के ड्रग्स टेस्ट किट के माध्यम से यूरीन टेस्ट किये गए, जिसमें सभी छात्र–छात्राओं की रिपोर्ट नेगेटिव आई। इससे पहले भी पुलिस की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 227 छात्र–छात्राओं का मेडिकल टेस्ट कराया जा चुका है। अभियान के दौरान शिक्षण संस्थाान में मौजूद अन्य छात्र–छात्राओं को नशे से दूर रहने और नशे की दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है।

## जिलाधिकारी बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिले में मोबाइल नेटवर्क प्रभावित क्षेत्रों को लेकर संबंधित विभागों और कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी ऑपरेटरों को नेटवर्क प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व गांवों और ग्राम पंचायतों में नेटवर्क की स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को जिले के सभी गांवों की सूची अक्षांश तथा देशांतर के साथ तैयार कर नेटवर्क कंपनियों के साथ साझा करने को कहा, ताकि समयबद्ध तरीके से सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी ऑपरेटरों को भी निर्देश दिए कि इस सूची के अनुसार जिले के सभी राजस्व गांवों में सर्वे की कार्रवाई की जाए, जिसके बाद प्रति सत्यापन किया जा सके और उपभोक्ताओं को सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने सभी चिन्हित शैडो क्षेत्रों में नेटवर्क उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

## आबकारी विभाग

चालू वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में अब कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में आबकारी विभाग इस बार बढ़े हुए लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष का लक्ष्य जहां 4 हजार 400 करोड़ रुपये था, वहीं इस साल इसे बढ़ाकर 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब दुकानों से मिलने वाला अधिभार लगभग 90 प्रतिशत तक जमा हो चुका है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष टीमें तैनात की गई हैं, ताकि अन्य राज्यों से अवैध शराब उत्तराखंड में प्रवेश न कर सके।

## बायर–सेलर मीट

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला ब्लॉक में ग्रामोत्थान परियोजना के तहत बायर–सेलर मीट और योजनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय नागरिकों को विभिन्न योजनाओं और बाज़ार व उद्यमिता से जोड़ना था। इस अवसर पर ग्राम्य विकास सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं को विभागीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिए समेकित कृषि प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, मधुमक्खी पालन और स्थानीय उत्पाद प्रसंस्करण को पारंपरिक खेती से जोड़कर आय बढ़ाने पर जोर दिया। श्री गर्ब्याल ने बताया की राज्य के सभी मुख्य विकास अधिकारी, आत्मनिर्भरता व स्वरोज़गार के लिए चलाई जा रही योजनाओं की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों की ओर से लगाए गए हस्तशिल्प, ऐपण कला, जैविक अनाज, पर्वतीय चाय, हस्तनिर्मित उत्पाद और पारंपरिक व्यंजन के स्टॉल, आकर्षण का केंद्र रहे।